Registration No. RAJBIL /2016 / 69093
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

लघु उद्योग भारती

UDYOG TIMES

Volume -8 Issue-4 February - 2025
Total Pages - 28 Price - Rs. 10

Budget-2025

जन आकांक्षाओं पर कितना खरा !

केंद्रीय बजट-2025


Jawai, Pali
RAJASTHAN
The Incredible State of India !
राजस्थान
पधारो म्हारे देश
पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार
www.tourism.rajasthan.gov.in | फॉलो करें

UDYOG TIMES

OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

Volume -8 Issue - 4 February 2025

Editorial Board

■ *Patron*

Shri Ghanshyam Ojha, National President	098290-22896
Shri Prakash Chandra ji, National Org. Secretary	099299-93660
Shri Om Prakash Gupta, National Gen. Secretary	095602-55055

■ *Editor*

Dr. Kirti Kumar Jain	094141-90383

■ *Co-Editor*

Dr. Sanjay Mishra	098295-58069

विवरणिका

Editorial.....	03
हम अपनी आंखों से भारत को	04
केंद्रीय बजट 2025–26	07
मंत्रालय को पत्र	11
Artificial Intelligence	13
Advantage Assam	15
राजस्थान राज्य बजट–2025	17
लघु उद्योग भारती का क्षेत्रीय सम्मेलन	19
विज्ञान का संचार	21
News Update	23

Price - 10/- *Life Membership 1000/-*

Corporate & Head Office :
Shri Vishwakarma Bhawan 48, Deen Dayal
Upadhyay Marg, Rouse Avenue, New Delhi-110002
Website : www.lubindia.com
Email : headoffice@lubindia.com
Ph.: 011-23238582
Registered Office :
Plot No. 184, Shivaji Nagar, Nagpur-440011
Ph.: 0712-2533552

Budget 2025 and MSMEs: Is Ahead to Betterment?

Editorial

Dr. Kirti Kumar Jain
kkjain383@gmail.com

Union Finance Minister Nirmala Sitharaman presents the first full budget of Modi government 3.0. The foremost reform announced in the Budget is the increase in investment and turnover limits for MSME classification, raising them by 2.5 times and 2 times, respectively. I think this move will provide MSMEs with greater access to resources and encourage technological adoption. By revising these limits, the government aims to ensure that growing the benefits for MSMEs. Having said that, without a streamlined regulatory framework and effective monitoring mechanisms, these revisions might remain largely ineffective and may sadly remain mere announcements. A larger classification pool also means increased competition for government benefits to beneficiaries to be able to reap the rewards.

Nevertheless, the Budget also announced substantial improvements in credit access. The credit guarantee cover for micro and small enterprises has been doubled from ₹5 crore to ₹10 crore, enabling additional credit of ₹1.5 lakh crore over five years. Startups will benefit from an increased guarantee cover of ₹20 crore, and exporters can avail term loans up to ₹20 crore with enhanced guarantees. Additionally, the introduction of credit cards for micro enterprises under the Udyam portal is a commendable step, offering ₹5 lakh in credit to small businesses.

Another notable initiative is the ₹10,000 crore Fund of Funds for startups and a dedicated scheme for first-time women, Scheduled Caste, and Scheduled Tribe entrepreneurs. By providing term loans up to ₹2 crore over five years, this scheme builds upon the successes of the Stand-Up India initiative.

It is true and everyone agrees that the sector is a crucial employment generator, and the budget has rightly focused on labour-intensive industries such as footwear, leather, and toys. The new Focus Product Scheme aiming to create 22 lakh jobs and to generate a turnover of ₹4 lakh crore, is commendable. Additionally, a cluster development initiative for the toy industry is expected to position India as a global manufacturing hub.

While these initiatives could provide a much-needed boost, I believe the real challenge is in execution. Many MSMEs in these sectors face issues like outdated production methods, inadequate infrastructure, and global competition. Without parallel investments in skill development and supply chain improvements, these measures may fail to deliver the intended results.

No doubt the Budget presents a well-rounded strategy to empower MSMEs, but its success will depend on its implementation, accessibility. The revised classification criteria and credit enhancements will only be effective if they translate into tangible benefits for businesses on the ground. Similarly, while sector-specific initiatives are well-intentioned, they need robust infrastructure and skill development programs to sustain their impact. The success of this year's Budget announcements will hinge on how seamlessly financial institutions implement them.

I invite your opinions.

□□□

'हम अपनी आंखों से भारत को 'विश्व गुरु' बनते हुए देखेंगे'

(राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नवनिर्मित भवन केशव कुंज का प्रवेशोत्सव 19 फरवरी को मनाया गया)

प्रवेशोत्सव

उद्योग टाइम्स डेस्क

दिल्ली के झंडेवालान में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय 'केशव-कुंज' के पुनर्निर्मित भवन के प्रवेशोत्सव पर पूज्य सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी ने अपने प्रेरक पाथेय से संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

श्री भागवत ने कहा कि संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं। समृद्धि की आवश्यकता है, इसलिए जितना आवश्यक है उतना वैभव होना चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर करना चाहिए। श्री केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही संघ का कार्य खड़ा होना चाहिए। देश में आज संघ का कार्य गति पकड़ रहा है। हमें इस भवन की भव्यता के अनुरूप ही संघ के कार्य को भव्य बनाना है। संघ का कार्य पूरे विश्व तक जाएगा जो भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।'

उन्होंने इस अवसर पर संघ के आरम्भ से आद्य सरसंघचालक द्वारा झेली गई अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया। नागपुर में पहले कार्यालय महाल की शुरुआत के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और देश का संचालन यहीं से होता है, इसलिए एक कार्यालय की आवश्यकता दिल्ली में महसूस हुई। आज यह भव्य भवन बन जाने भर से स्वयंसेवक का काम पूरा नहीं होता। हमें ध्यान रखना होगा कि कि उपेक्षा और विरोध हमें सावधान रखता है, लेकिन अब अनुकूलता का वातावरण है हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सरसंघचालक जी ने कहा कि कार्यालय हमें कार्य की प्रेरणा देता है, लेकिन उसके वातावरण की चिंता करना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य विस्तृत हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य और शुचिता बनी रहे।

समारोह में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के कोषाध्यक्ष पूज्य श्री गोविंददेव गिरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज श्री गुरुजी की जयंती है, इसलिए पावन दिन है। आज शिवाजी की भी जयंती है। शिवाजी संघ की विचार शक्ति हैं। कांची कामकोटि पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य परमाचार्य ने एक बार एक वरिष्ठ प्रचारक से कहा था कि संघ प्रार्थना से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है। श्री गोविंददेव गिरी ने छावा फिल्म का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्रपति ने ऐसे मावले तैयार

किए, जो थकते नहीं, रुकते नहीं, झुकते नहीं और बिकते नहीं। संघ के स्वयंसेवक छत्रपति शिवाजी के तपोनिष्ठ मावलों सरीखे ही हैं। हम हिन्दू भूमि के पुत्र हैं, संघ राष्ट्र की परंपरा को पुष्ट करते हुए राष्ट्र की उन्नति की बात करता है।

उदासीन आश्रम दिल्ली के प्रमुख संत श्री राघवानंद महाराज ने अपने संक्षिप्त आशीर्वचन में कहा कि संघ 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है, तो इसके पीछे डॉक्टर साहब का प्रखर संकल्प ही है। संघ ने समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया है समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। इसलिए संघ कार्य सतत बढ़ रहा है।

केशव स्मारक समिति के अध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने शुरू से लेकर अब तक के केशव कुंज के पुनर्निर्माण के विभिन्न पड़ावों की विस्तार से जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 1939 से ही संघ का काम रहा है। तब झंडेवालान में इसी स्थान पर एक छोटा–सा भवन बनाया गया था जिसमें संघ कार्यालय का कुछ हिस्सा बना था। लेकिन आगे 1962 में इसका विस्तार करके अन्य कक्ष बनाए गए थे। 1969 में श्री केशव स्मारक समिति का गठन हुआ। 80 के दशक में आवश्यकता के अनुसार भवन का और विस्तार हुआ। वर्ष 2016 में पूज्य सरसंघचालक जी ने ही अपने कर–कमलों से इसी स्थान पर पूजा अनुष्ठान के साथ श्री केशव स्मारक समिति के द्वारा निर्मित केशव कुंज के तीन टावर वाले इस भवन का शिलान्यास किया था। और आज यह पुनर्निर्मित स्वरूप में हम सबके सामने है।

केशव कुंज में मुख्यतः तीन टावर है– साधना, प्रेरणा और अर्चना। एक आकर्षक और आज की सभी आवश्यकताओं से परिपूर्ण अशोक सिंघल सभागार भी है आम जन के लिए एक केशव पुस्तकालय है ओपीडी चिकित्सालय है और साहित्य भंडार है। सुरुचिपूर्ण और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत पुस्तकों के लिए सुरुचि प्रकाशन है। केशव कुंज की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग के लिए 150 किलोवाट का सोलर प्लांट है, कचरे के उचित निस्तारण रीसाइक्लिंग के लिए 140 केएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट है। पूर्व की तरह ही नूतन भवन में एक सुंदर दिव्य हनुमान मंदिर है। कार्यक्रम में ऐसे कुछ सेवा प्रदाताओं का प्रतिनिधि रूप में सम्मान किया गया जिन्होंने भवन के निर्माण में विविध कार्यों में योगदान दिया है।

मंच पर सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले, उत्तर क्षेत्र संघचालक श्री पवन जिंदल, दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल भी उपस्थित थे। प्रवेशोत्सव में संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, श्री अरुण कुमार, वरिष्ठ प्रचारक श्री सुरेश सोनी, सम्पर्क प्रमुख श्री रामलाल, सह प्रचार प्रमुख श्री नरेन्द्र ठाकुर, श्री इंद्रेश कुमार, श्री प्रेम गोयल, श्री रामेश्वर, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा, सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

□□□

LUB's Delegation urges Commerce Minister to Stop Import Gypsum Powder

LUB's Delegation of Bikaner unit led by National Organising Secretary Shri Prakash Chandra ji, and National General Secretary Shri Om Prakash Gupta met Union Minister for Commerce Shri Piyush Goyal to stop the import of Gypsum Powder from Egypt. A request was also made to restart the payment of GST of the oil mill which has been stopped since 2021 and assurance was given to take appropriate action. On this occasion, Bikaner Unit President Shri Harsh Kansal, State Vice President Balkishan Parihar and other office bearers were also present.

Bahraich Unit Conducts Workshop for Entrepreneurs

LUB's Bahraich Unit & UPICON Lucknow jointly conducted an ESG Workshop to inform entrepreneurs about product and export promotion, branding, improving packaging processes, building private industrial parks, GST, easy subsidy process and discharging their social responsibilities at Lucknow on 19 February, 2025.

Malegaon Unit organized the Inaugural Ceremony

LUB's Malegaon Unit organized the Inaugural Ceremony on 29 January in the presence of Education Minister Shri Dadasaheb Bhuse, Maharashtra and LUB State President Shri Ravindra Vaidya. On this occasion, members from Nashik, Dhule, Nandurbar, Jalgaon and Ahilyanagar districts participated. Speakers emphasized on regional industrial development, opportunities and challenges..

Udyog Darshan @ Udaipur

LUB's Udaipur Unit of Rajasthan State conducted Udyog Darshan at Ficusa Enterprises on 26 February, 2025. Promoter Shri Pawan Kothari introduced the unit which deals with refurbishment of Business Class Branded Desktop, Laptop, Projectors, Workstations, and Servers. 45 members joined this unique industrial visit

Workshop on Millets @ Jodhpur

LUB's Jodhpur Women Wing conducted a One Day Workshop on the utility of Millets at Ratanada. Wing President Smt. Mona Harwani discussed the significance of Millets for health.

भारतीय जन-आकांक्षाओं पर आखिर कितना खरा उतरा !

केंद्रीय बजट 2025-26

विश्लेषण

अश्वनी महाजन
जाने-माने अर्थ चिंतक एवं
दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर
ashwanimahajan@rediffmail.com

जबकि पिछली दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि में मंदी, रुपये में गिरावट, लगातार मुद्रास्फीति, खपत में कमी, बढ़ता व्यापार घाटा और विदेशी मुद्रा भंडार में कमी के कारण अर्थव्यवस्था की सेहत को लेकर चिंताएं व्यक्त की जा रही थीं, सरकार के लिए विनिर्माण वृद्धि, कृषि में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, किसानों का समर्थन और कृषि उत्पादन में असंतुलन को दूर करना, दालों और खाद्य तेलों के लिए विदेशों पर निर्भरता को कम करना, मध्यम आय वाले करदाताओं को कर में राहत देना और साथ ही मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं को दूर करना वास्तविक चुनौती थी। बजट 2025–26 ने इन सभी चिंताओं को संतुलित करने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की कोशिश की है।

लेकिन, यह भी सही है कि तमाम बाधाओं के बावजूद, देश की राजकोषीय सेहत काफी अच्छी स्थिति में थी। कम राजकोषीय घाटा, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के करों में उछाल, भारी मात्रा में एनआरआई प्रेषण और चालू वित्त वर्ष में निवेश की घोषणाओं में वृद्धि वित्त मंत्री के काम को आसान बना रही थी। इससे वित्त मंत्री को छोटे करदाताओं को बड़ी राहत देने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और विनिर्माण के लिए अधिक प्रावधान करने के अलावा बड़े पूंजीगत व्यय जारी रखने की गुंजाइश मिल सकी।

मध्यम वर्ग को बड़ी राहत-

हालांकि, नरेंद्र मोदी सरकार आयकर के मामले में मध्यम वर्ग को कुछ राहत पहले से भी दे रही थी, लेकिन कहानी यह रही है कि हर बजट में मध्यम वर्ग को बहुत कम लाभ मिलता है। लेकिन मोदी 3.0 में अपने पहले पूर्ण बजट में, वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को, 12 लाख रुपये की वार्षिक आय या एक लाख रुपये की मासिक आय तक किसी भी कर का भुगतान करने से मुक्त करके वास्तव में बड़ी राहत दी है। वेतनभोगी वर्ग के मामले में, यह छूट 12.75 लाख है, क्योंकि उन्हें अपनी आय से 75,000 रुपये की मानक कटौती का लाभ भी मिलता है। हालांकि, 12 लाख रुपये से अधिक आय वाले लोग उतने भाग्यशाली नहीं हैं, हालांकि, एक लाख रुपये मासिक आय वाले लोगों जितनी बड़ी तो नहीं, लेकिन उन्हें भी कुछ राहत जरूर मिली है।

मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा-

आत्मनिर्भर भारत नीति की शुरुआत के बाद से, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बजट 2025–26 में विनिर्माण को बढ़ावा देने का विशेष प्रावधान किया गया है, विशेष रूप से स्वच्छ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी और मोटर, पवन ऊर्जा उपकरण और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण शामिल हैं।

एमएसएमई विनिर्माण मिशन, एमएसएमई के लिए बढ़ी हुई

ऋण गारंटी; उनकी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए, सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की सीमा के साथ क्रेडिट कार्ड; पहले की सूची से आगे पीएलआई योजना का विस्तार; और देश को चीनी प्रभुत्व से बचाने के लिए विनिर्माण में सुधार के लिए कई अन्य उपाय इस बजट की महत्वपूर्ण पहल हैं। सरकार का वर्तमान प्रयास भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक वृहत कार्य करेगा, और वह भी एमएसएमई क्षेत्र के माध्यम से।

इस बजट में लिथियम बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मोटर और अन्य स्वच्छ तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देकर स्वच्छ तकनीक मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आयातित बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मोटर और सौर सेल के लिए विदेशों पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण हमारा आयात बिल बढ़ रहा है और भविष्य में आयातित घटकों पर हमारी निर्भरता के कारण देश का शोषण भी हो सकता है। इसलिए, यह आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहा है और देश को विदेशियों, विशेष रूप से चीन द्वारा शोषण से बचा रहा है। एमएसएमई के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, स्टार्ट–अप के लिए विभिन्न योजनाएं, भारत को दुनिया का 'खिलौना हब' बनाने के लिए खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन, बजट की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं।

एमएसएमई को प्रोत्साहित करना–

बजट सभी स्तरों पर एमएसएमई, स्टार्ट–अप और निर्यात उन्मुख इकाइयों को बढ़ा हुआ ऋण गारंटी कवर देकर एमएसएमई क्षेत्र को नया बढ़ावा देता है; श्रम गहन क्षेत्रों, विशेष रूप से चमड़ा और जूते क्षेत्र, खिलौने, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य के लिए उपाय। विशेष रूप से विनिर्माण मिशन, छोटे, मध्यम, बड़े; सभी प्रकार के उद्योगों को शामिल करते हुए मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है।

कृषि को बढ़ावा–

बिहार के एक अद्भुत पौष्टिक कृषि उत्पाद मखाना को बढ़ावा देने की दिशा में 'मखाना बोर्ड' का गठन अनुकरणीय कदम है और इससे अन्य क्षेत्रों के कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। हाल ही में, सरकार ने हल्दी बोर्ड का गठन भी किया है, जिसकी मांग स्वदेशी जागरण मंच यूपीए के दिनों से ही कर रहा था, ताकि तेलंगाना के हल्दी किसानों की चिंताओं को दूर किया जा सके। दालों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम, कपास मिशन और कृषि के लिए कई अन्य योजनाएं सराहनीय हैं। कई अन्य उपायों के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाना भी संतोषजनक है। ग्रामीण क्षेत्रों से आबादी को स्थानांतरित करने की अनिवार्यता के बयानबाजी के विपरीत, शायद निर्मला सीतारमण द्वारा बजट भाषण में यह कहना अच्छा लगा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करना है ताकि पलायन एक विकल्प ही हो, लेकिन अनिवार्यता नहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में आय के बढ़ते अवसरों के साथ, सरकार के प्रयासों की बदौलत यह एक संभावना हो सकती है।

ग्रामीण और शहरी भारत के बीच अंतर को पाटना–

देश के सामने ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में आय की असमानता एक बड़ी चुनौती है। आर्थिक सर्वेक्षण में यह रिपोर्ट आने पर संतोष हुआ कि ग्रामीण और शहरी आबादी में एमपीसीई (मासिक प्रति व्यक्ति व्यय) के बीच का अंतर 84 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत हो गया है। यह ग्रामीण सड़कों, आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, पानी, बिजली,

स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर बढ़ते खर्च के कारण संभव हुआ है। इस प्रक्रिया को और तेज करने की आवश्यकता है।

बजट 2025–26 ग्रामीण आय को बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करता है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के अलावा, कृषि को बढ़ावा देना, खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देना और ग्रामीण आय बढ़ाने के कई अन्य प्रयास ग्रामीण–शहरी असमानताओं को कम करने में काफ़ी मददगार साबित हो सकते हैं।

स्वास्थ्य परिदृश्य में सुखद बदलाव: सरकार ले रही है अधिक जिम्मेदारी-

केंद्रीय बजट 2025–26 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष और स्वास्थ्य अनुसंधान पर 103280 करोड़ रुपये का व्यय आवंटित किया गया है। यदि हम पिछले 11 वर्षों पर नजर डालें, तो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष और स्वास्थ्य अनुसंधान पर व्यय में 8.3 गुना वृद्धि हुई है, जो 2014–15 में 12482 करोड़ रुपये से बढ़कर बजट 2025–26 में 103280 करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि के दौरान केंद्रीय बजट का आकार मुश्किल से 2.8 गुना ही बढ़ा है।

दस साल पहले, स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.0 प्रतिशत ही था। उल्लेखनीय है कि 1990–91 में स्वास्थ्य पर कुल सार्वजनिक व्यय (जिसमें चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, जल आपूर्ति और स्वच्छता, पोषण, बाल और विकलांग कल्याण शामिल होते हैं) सकल घरेलू उत्पाद का 2.36 प्रतिशत था। वैसे तो भारत में सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थान कभी भी उत्कृष्ट नहीं थे, लेकिन एलपीजी से पहले के दौर में भी इन सुविधाओं को सरकारी नीति–निर्माण के केंद्र में रखा जाता रहा। एलपीजी नीतियों के तहत निजीकरण के आगमन के साथ ही लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाजार की ताकतों के भरोसे छोड़ दिया गया। 2014–15 से पहले जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं कम होती जा रही थीं, उनमें काफी सुधार होना प्रारंभ हुआ है, जिससे लोगों द्वारा जेब से किए जाने वाले खर्च को कम करना संभव हो पाया है। हम देखते हैं कि 2004 में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कुल स्वास्थ्य व्यय 4.2 प्रतिशत था, और इसमें से 2.59 प्रतिशत निजी जेब से किए जाने वाले खर्च का था। जैसा कि 2015 की भारत सरकार की रिपोर्ट में कहा



Sources: Centers for Medicare & Medicaid Services. National Health Expenditure Projections 2018-2026, Forecast Summary and Selected Tables

गया है, "स्वास्थ्य देखभाल लागत के कारण व्यय भयावह रूप से बढ़ रहा है और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह गरीबी में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक है। स्वास्थ्य देखभाल लागत के कारण परिवार की आय पर पड़ने वाला असर आय में वृद्धि के लाभ और गरीबी को कम करने के उद्देश्य से सरकार की हर योजना को बेअसर कर सकता है।" पिछले एक दशक में सरकार द्वारा सकारात्मक और महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के कारण, गैर–संचारी रोगों के बढ़ते मामलों के बावजूद, जेब से होने वाले खर्च में लगातार कमी आ रही है, जिससे आम जनता और खास तौर पर गरीबों को राहत मिली है।

2013–14 तक जेब से होने वाला खर्च करीब 2.5 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बना रहा। 2004–05 में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में जेब से होने वाला खर्च 2.58 था, जो 2013–14 में भी 2.43 पर बना रहा, जबकि तत्कालीन सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के बारे में बड़े–बड़े दावे किए थे। सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि के साथ, हमने निजी जेब से होने वाले स्वास्थ्य व्यय में धीरे–धीरे गिरावट देखी है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में जेब से किये जाने वाले व्यय में अधिक तेजी से गिरावट 2015–16 के बाद देखी गई, क्योंकि यह 2015–16 में 2.32, 2019–20 में 1.54, 20–21 में 1.66 और 21–22 में 1.55 थी।

भारत के मामले में, आयुष्मान भारत की शुरुआत ने निजी जेब से स्वास्थ्य खर्च कम करने में काफ़ी मदद की है। आयुष्मान भारत योजना में दो खंड शामिल हैं– एक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के उन्नयन और निर्माण से संबंधित है जिसे प्रधानमंत्री–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम–एबीएचआईएम) के रूप में जाना जाता है और दूसरा स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की दिशा में है जिसे आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम–जेएवाई) के रूप में जाना जाता है। दिसंबर 2024 तक, कुल 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) या तो स्थापित किए गए थे या मौजूदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उप–स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) से उन्नत किए गए।

गिग वर्कर्स-

इस बजट में ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ काम करने वाले गिग वर्कर्स को मान्यता देने, उन्हें ई–श्रम प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत करने और उन्हें स्वास्थ्य कवर का लाभ देने के अलावा श्रम गहन क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने का काम किया गया है। लंबे समय से भारतीय मजदूर संघ और स्वदेशी जागरण मंच गिग वर्कर्स के लिए कल्याणकारी उपायों की मांग कर रहे थे।

□□□

लघु उद्योग भारती ने केंद्रीय बजट में एमएसएमई वर्गीकरण के विरोध और सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों के हित में लिखा मंत्रालय को पत्र

निर्देशक अंक ल.उ.भा./2024–25/933

श्री एस. सी. एल. दास
सचिव,
एमएसएमई मंत्रालय,
भारत सरकार,
उद्योग भवन, नई दिल्ली–110001

विषय- केंद्रीय बजट-2025 में एमएसएमई के वर्गीकरण को संशोधित करने के प्रस्ताव के संबंध में।

मान्यवर,

लघु उद्योग भारती सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एसएमई) के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए समर्पित एक अखिल भारतीय संगठन है। 581 जिलों में मजबूत उपस्थिति और लगभग 53,000 सदस्यों के साथ, हम देश भर में एसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं।

केन्द्रीय बजट–2025 पेश करते समय निवेश के संबंध में एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंड को 2.5 गुना संशोधित करने और टर्नओवर के मामले में दोगुना करने का प्रस्ताव किया गया है, जो मौजूदा जमीनी हकीकत के अनुरूप नहीं लगता है। एमएसएमई मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट को देखने पर पता चलता है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSS) द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान किए गए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 73वें दौर के अनुसार, देश में 633.88 लाख असंगठित गैर–कृषि एमएसएमई हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है:

सूक्ष्म	**:**	**630.52 लाख, जो 99.47% है**
लघु	**:**	**3.31 लाख, जो 0.52% है**
मध्यम	**:**	**0.05 लाख, जो 0.01% से कम है**

उपर्युक्त आंकड़ों से यह देखा जा सकता है कि एमएसएमई में सूक्ष्म और लघु इकाइयों का हिस्सा 99.99% है। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि लगभग 90% सूक्ष्म इकाइयों में केवल 5 लाख रुपये तक का ही पूंजीगत निवेश (Capital Investment) है। वर्ष 2020 में भी एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंडों को संशोधित किया गया था, जिसमें निवेश को बढ़ाया गया था और टर्नओवर तत्व को भी शामिल किया गया था। इस तथ्य के मद्देनजर कि वर्ष 2023–24 के लिए एमएसएमई मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2015–16 के दौरान किए गए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण पर आधारित है, जो दर्शाता है कि 2015–16 के बाद एमएसएमई की संख्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है। संभवतः, सरकार के लिए वर्ष 2020 के दौरान किए गए एमएसएमई के वर्गीकरण के संशोधन के प्रभाव का ठीक से आकलन करना संभव नहीं होगा।

संभावना है कि पहले किए गए वर्गीकरण मानदंडों में बदलाव के कारण एमएसएमई को कोई लाभ नहीं हुआ होगा। इसके अलावा, 2020 और 2021 के दौरान कोरोना महामारी ने एमएसएमई के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था और उनकी वास्तविक प्रगति का पता नहीं चल पाएगा क्योंकि इकाइयाँ अपनी पूरी क्षमता और सामर्थ्य से काम नहीं कर रही थीं। इसलिए, एमएसएमई की विभिन्न श्रेणियों के लिए निवेश के स्तर को 2.5 गुना तक बढ़ाना और टर्नओवर के स्तर को दोगुना करना बहुत जल्दबाजी होगी। केवल उनके वर्गीकरण को संशोधित करने से कोई ठोस लाभ प्राप्त नहीं किया जा सकता है। हालांकि, यहां यह उल्लेख करना अनुचित नहीं होगा कि 2020 के दौरान किए गए वर्गीकरण के पिछले संशोधन के समय निर्यात को भी कारोबार में शामिल

करने का अनुरोध किया गया था। लघु उद्योग भारती विभिन्न श्रेणियों के कारोबार की गणना करते समय निर्यात को शामिल करने के लिए फिर से दोहराना चाहेगी।

उपर्युक्त संशोधन के कारण, वर्तमान में मध्यम स्तर की इकाइयाँ अब लघु श्रेणी में आएंगी और लघु इकाइयाँ सूक्ष्म श्रेणी में आ जाएंगी, जिससे मध्यम इकाइयाँ सूक्ष्म और लघु स्तर के उद्योगों के लिए निर्धारित लाभों को साझा करेंगी। लघु उद्योग भारती को सूक्ष्म और लघु–स्तरीय इकाइयों पर उपरोक्त संवर्द्धन के प्रतिकूल प्रभाव की उम्मीद है, क्योंकि एमएसएमई का हिस्सा लगभग 99.99% हैं, जबकि मध्यम स्तर की मुट्ठी भर इकाइयाँ जो 0.01% से भी कम हैं, ऐसे लाभों को प्राप्त कर पाएँगी। इसलिए, इस स्तर पर एमएसएमई के वर्गीकरण में संशोधन से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा और अनुरोध है कि फिलहाल मौजूदा मानदंडों को बहाल किया जाए।

उपरोक्त संदर्भ में वैकल्पिक रूप में हम यह भी प्रस्ताव करना चाहेंगे कि तीनों श्रेणियों अर्थात सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए बजट अलग–अलग आवंटित किया जाना चाहिए, जो इकाइयों की संख्या और उनके लिए आवश्यक समर्थन पर निर्भर करेगा। आवश्यक है कि सूक्ष्म और लघु इकाइयों का आवंटित बजट कम ना किया जाए।

हमारा अनुभव है कि बैंकिंग चैनल, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र का हो या निजी, आम तौर पर सूक्ष्म और लघु इकाइयों को उनकी सीमित ऋण आवश्यकताओं के कारण नजरअंदाज करते हैं, जबकि बड़ी इकाइयों को ऋण और अन्य ऋण सुविधाएं आदि देना पसंद करते हैं, क्योंकि वे सीमित संख्या में ग्राहकों को वित्त सुविधाएँ देकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह तथ्य वित्त मंत्रालय के साथ–साथ आरबीआई के संज्ञान में कई बार लाया गया है, लेकिन कोई खास नतीजा नहीं निकला।

जबकि समय की मांग है कि सूक्ष्म और लघु इकाइयों को सभी प्रकार की अनुमति समयबद्ध तरीके से एक ही छत के नीचे प्रदान की जाए और उन्हें इस संबंध में एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्हें भूमि, पानी और बिजली कनेक्शन, प्रदूषण के आवंटन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए, जैसा कि माननीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में रेखांकित किया है कि 36% विनिर्माण और 45% निर्यात एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जबकि 90% से अधिक सूक्ष्म इकाइयां केवल 5 लाख रुपये की पूंजी के साथ काम कर रही हैं, इसलिए, समाज के ऐसे कमजोर वर्ग को संरक्षित करने की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि वे किसी भी तरह से मध्यम उद्यमों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, वे ही अधिकतम रोजगार पैदा करते हैं। यह उचित होगा कि सूक्ष्म एवं लघु विनिर्माण इकाई के लिए विशेष रूप से एक अलग विभाग बनाया जाए, क्योंकि उनकी आवश्यकताएं काफी छोटी हैं और उन्हें मध्यम स्तर के उद्यमों के साथ जोड़ना किसी भी तरह से उचित नहीं होगा। इसलिए, मध्यम वर्ग और व्यापारिक संस्थानों को अलग से निपटने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इसलिए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मौजूदा वर्गीकरण को बहाल करके और केवल सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए एक अलग विभाग बनाकर हमारे उपरोक्त निवेदनों पर अनुकूल रूप से विचार करें।

भवदीय,

घनश्याम ओझा
अ.भा. अध्यक्ष
99281 25000
president@lubindia.com

ओम प्रकाश गुप्ता
अ.भा. महामंत्री
95602 55055
gs@lubindia.com

□□□

Artificial Intelligence is Writing the Code for Humanity in this Century

New Era

Udyog Times Desk

"There is a need for collective global efforts to establish governance and standards that uphold our shared values, address risks, and build trust. AI can help transform millions of lives by improving health, education, agriculture and so much more. We need to invest in skilling and re-skilling our people for an AI-driven future. We are developing AI applications for public good."

Narendra Modi
Prime Minister, Bharat

(Key Points of Addressing AI Action Summit Co-Chaired along with the President of France, Shri Emmanuel Macron in Paris)

PM Modi said that India is ready to share its experience and expertise to ensure that the AI future is for Good, and for All. He addressed the week-long summit, which began with the Science Days on February 6-7, followed by the Cultural Weekend on February 8-9, culminated in a High-Level Segment attended by global leaders, policymakers, and industry experts.

The High-Level Segment commenced with a dinner hosted by President Emmanuel Macron at the Élysée Palace on February 10, bringing together Heads of State and Government, leaders of international organizations, CEOs of major AI companies and other distinguished participants.

At the Plenary Session, President Macron invited Prime Minister to deliver the opening address as the co-chair of the summit. In his address, Prime Minister noted that the world was at the dawn of the AI age where this technology was fast writing the code for humanity and re-shaping our polity, economy, security and society. Emphasizing that AI was very different from other technological milestones in human history in terms of impact,

He called for collective global efforts to establish governance and standards that uphold shared values, address risks, and build trust. He further added that governance was not just about managing risks but also about promoting innovation and deploying it for the global good. In this regard, he advocated for ensuring access to AI for all, especially the Global South. He called for democratizing technology and its people-centric applications so that achieving the Sustainable Development Goals becomes a reality. Alluding to the success of India-France sustainability partnership through initiatives such as the International Solar Alliance, PM stated that it was only natural that the two

countries were joining hands to forge an innovation partnership for a smart and responsible future.

Prime Minister highlighted India's success in building a Digital Public Infrastructure for its 1.4 billion citizens based on open and accessible technology. Talking about India's AI Mission, PM noted that India, considering its diversity, was building its own Large Language Model for AI. He underlined that India was ready to share its experience to ensure that the benefits of AI reach everyone. Prime Minister announced that India will be hosting the next AI Summit. The Summit concluded with the adoption of the Leaders' Statement. The summit featured discussions on critical themes, including greater access to AI infrastructure to ensure inclusion, the responsible use of AI, AI for public interest, making AI more diverse and sustainable, and ensuring safe and trusted governance of it.

How AI is Revolutionizing India's MSME Sector- Let's dive into exactly how AI is transforming small businesses in India-and how you can start using it too.

AI is Automating Boring, Repetitive Work.

AI is Making Marketing Smarter (and More Affordable!). AI Helps Businesses Make Smarter Decisions. AI is Revolutionizing Finance & Credit Access. AI is Helping MSMEs Hire (and Retain) the Right Talent. AI is Streamlining Manufacturing & Supply Chains. AI is Strengthening Cybersecurity for MSMEs.

Artificial intelligence is changing how Silicon Valley builds startups - The old Silicon Valley model dictated that startups should raise a huge sum of money from venture capital investors and spend it hiring an army of employees to scale-up fast. Profits would come much later. Until then, head count and fund-raising were badges of honor among founders, who philosophized that bigger was better.

But Gamma is among a growing cohort of startups, most of them working on AI products, that are also using AI to maximise efficiency. They make money and are growing fast without the funding or employees they would have needed before. The biggest bragging rights for these startups are for making the most revenue with the fewest workers.

The potential for AI to let start-ups do more with less has led to wild speculation about the future. Sam Altman, the chief executive of Open AI, has predicted there could someday be a one-person company worth $1 billion...

Technology - From Space to Streets: How ISRO's Chandrayaan Tech is Transforming Daily Life The extreme conditions of space require materials that can withstand harsh environments, and ISRO's anti-corrosion coatings are now being repurposed for bridges, ships, and even cars. These specialized paints, originally designed to protect satellites and rockets, help extend the life of infrastructure and vehicles by reducing wear and tear.

ISRO's research into lightweight, high-durability materials is also benefiting the healthcare sector. Innovations in biocompatible materials could lead to improved prosthetics, medical implants, and protective gear. Additionally, space-tested water purification techniques are being adapted for household and industrial use. The software originally developed for Chandrayaan's navigation and control systems is now being adapted to enhance vehicle safety and automation.

□□□

Advantage Assam

A Successful Initiative for Investments

(The Advantage Assam 2.0 Investment & Infrastructure Summit, held in Guwahati on 25-26 February 2025, marked a significant milestone in Assam's economic growth.)

Special Report

Ashish Devda

National Joint General Secretary, LUB
ashish.deorah@yummyfoods.co.in

The summit, inaugurated by Prime Minister Shri Narendra Modi, showcased the state's robust potential as a leading investment hub in India. With proposals amounting to a record-breaking ₹4.91 lakh crore in investments and infrastructure, the event highlighted Assam's ambitious goals and strategic vision under the leadership of Chief Minister Dr. Himanta Biswa Sarma.

The summit truly reflected CM Dr. Sarma's vision to elevate Assam as one of India's leading states. Assam's rapid development and transformation into an investment hotspot were praised by ministers, industrialists, foreign delegates, and local entrepreneurs.

PM Narendra Modi, during his address, lauded the Assam Government's efforts to bridge the state with the global economy. He remarked that it would not be long before children across India learn "A for Assam," symbolizing the state's growing significance. He retreats his commitment towards North East by saying 'Hum Aaapke sath hai' He also highlighted Assam's improving connectivity with East Asia and the emerging India-Middle East Economic Corridor. In the

8,500 Dancers performed Jhumoir Binandini to commemorate over two centuries of Assam's Tea Industry on the Grand Ceremony at Guwahati's Sarusajai Stadium.

past six years, Assam has doubled its economy from ₹2.75 lakh crore to ₹6 lakh crore. The Prime Minister also inaugurated an exhibition organized as part of the

summit, with Laghu Udyog Bharati Purvottar as the organizing partner. The exhibition featured a dedicated pavilion for Laghu Udyog Bharti with over 40 stalls.

Key Investment Announcements and MoUs

The summit attracted leading industrialists and global investors who were eager to invest in the state's future. Key announcements were made by industry giants like Shri Mukesh Ambani, Shri Gautam Adani, the Emami Group, Tata Group, and others. Investment commitments spanned across green energy, cement, tourism, healthcare, agriculture, skill development, and more.

In total, over 200 MoUs were signed across various sectors, which included prominent domestic investors such as Adani Group, Tata Power, JSW Energy, Oil India Limited (OIL), ONGC, and NRL. International partnerships were also strengthened with the Bill & Melinda Gates Foundation, Singapore's Ministry of Trade and Industry, ASEAN One Co Ltd (Japan), and Spice Lemon, further boosting Assam's global connectivity.

A key highlight was the district-level MoUs signed with an investment of ₹5,800 crore, a first-of-its-kind initiative in India. This unique model allowed small investors to sign agreements directly with district administrations, showcasing a novel approach to local-level investment and development.

